**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार**

**1910 सोमवार** **23.09.2024**

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– राजनांदगांव जिले में आकाशीय बिजली गिरने से चार स्कूली बच्चों सहित आठ लोगों की मौत।

2– नारायणपुर जिले में महाराष्ट्र सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर।

3– स्वास्थ्य मंत्री ने बिलासपुर सिम्स के डीन डॉ. के.के. सहारे और एम.एस. डॉ. एस.के. नायक को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया।

4– कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में पिछले दिनों हुई घटना की दंडाधिकारी जांच शुरू।

<u>आकाशीय बिजली–मौत</u>

राजनांदगांव और जांजगीर–चांपा जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई।

राजनांदगांव जिले में आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के सोमनी थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातरई में आज दोपहर त्रैमासिक परीक्षा देकर छात्र मुढ़ीपार स्कूल से जोरातराई के और मनगटा के लिए निकले थे। तभी तेज वर्षा के दौरान ये बच्चे सड़क किनारे पेड़ के नीचे बने टिन के शेड में रूक गए, जहां पहले से क्रेशर खदान में काम करने वाले पांच युवक खड़े हुए थे, तभी गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मरने वालों में चार स्कूली बच्चे और चार पुरूष शामिल हैं। जबकि एक युवक घायल हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के सुकली गांव में कल आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक लड़के की मौत हो गई है। वहीं, आठ लोग झुलस गए हैं। गांव में पिकनिक मनाने के दौरान यह घटना हुई। मिली जानकारी के अनुसार वर्षा से बचने के लिए पन्द्रह से बीस युवक पेड़ के नीचे खड़े थे। इस दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर नौ लोग झुलस गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया है, जहां उपचार के दौरान एक लड़के ने दम तोड़ दिया। घायल आठ युवकों का इलाज चल रहा है।

इसी जिले के पचेड़ा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि यह महिला खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

स्वास्थ्य मंत्री–निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बिलासपुर सिम्स के डीन डॉ. के.के. सहारे और एम.एस. डॉ. एस.के. नायक को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिशाषी समिति की बैठक में मरीजों को हो रही परेशानी और सिम्स प्रबंधन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी व्यक्त की।

इससे पहले, स्वास्थ्य मंत्री ने आज बिलासपुर में सिम्स के विस्तार के रूप में कोनी में बन रहे मल्टी स्पेश्यालिटी हास्पिटल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने इकतीस अक्टूबर तक निर्माण, खरीदी और भर्ती के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लोहारीडीह–दंडाधिकारी जांच

कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में पिछले दिनों हुई घटना की दंडाधिकारी जांच शुरू हो गई है। इसके लिए अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री साहू ने बताया कि इस जांच बिन्दु से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति चौबीस सितंबर से चार अक्टूबर तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य और अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस बीच, साहू समाज की प्रदेश स्तरीय सोलह सदस्यीय जांच टीम कल ग्राम लोहारीडीह पहुंची और मृतक के परिजनों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना के बाद गांव के हालात की जानकारी ली।

खाद्य मंत्री–स्वास्थ्य शिविर

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने आज बेमेतरा जिला के नवागढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत राशन कार्ड से बड़ी से बड़ी बीमारियों का निःशुल्क इलाज हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ मेडिकलों और डॉक्टरों के पास नशीली इंजेक्शन और सिरप बेचने की भी जानकारी संज्ञान में आयी है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि ऐसी नशीली दवाईयों को बेचने वाले की शिकायत करें, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, बलौदाबाजार जिले में आयुष्मान पखवाड़े के तहत गांव–गांव में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने शत–प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।

पोषण प्रदर्शनी

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा दुर्ग जिले के भिलाई–तीन स्थित मंगल भवन में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज रंगोली, भाषण और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला और बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी किरण मघाड़े ने कार्यक्रम में उपस्थित कन्याओं और महिलाओं को पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है, जिसमें हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और ब्लड शुगर आदि जांच की जा रही है। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस बीच, महासमुंद जिले में आज राष्ट्रीय पोषण माह के तहत नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकाली गई।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

जांजगीर–चाम्पा जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला प्रशासन और यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में युवोदय हसदेव के हीरो स्वयंसेवकों और एनसीसी के कैडेट्स ने भीमा तालाब और विष्णु मंदिर के आस–पास सफाई की।

संपूर्णता अभियान–समीक्षा बैठक

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में राज्य सपोर्ट मिशन और संपूर्णता अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक मंत्रालय में आयोजित की गई। बैठक में नीति आयोग की महानिदेशक निधि छिब्बर भी शामिल हुई।

बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि संपूर्णता अभियान और स्टेट सपोर्ट मिशन को लागू करने में राज्य सरकार सफल रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करें। इस दौरान आकांक्षी जिलों के कलेक्टरों ने संपूर्णता अभियान की जानकारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दी। बैठक में कुछ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करके उन्होंने सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाया है, जबकि कुछ ने समुदाय आधारित पहल की जानकारी दी।

नीति आयोग की महानिदेशक निधि छिब्बर ने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने स्टेट सपोर्ट मिशन के अंतर्गत राज्य को मॉनिटरिंग एण्ड इवैल्युवेशन यूनिट से हरसंभव सहायता देने के लिए आश्वस्त किया।

माओवादी–मुठभेड़

छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमा पर आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिले में बीते करीब तीन घंटे से सुरक्षा बल के जवानों की माओवादियों के साथ मुठभेड़ चल रही है। इस इलाके में बड़ी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने अभियान चलाया और इलाके को घेर लिया है। मौके से माओवादियों के तीन हथियार भी बरामद हुए हैं।

रेशम बोर्ड–पुरस्कार

केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने बैंगलूरु में केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 75वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में टसर कृमिपालक और टसर धागाकारक गतिविधि के लिए छत्तीसगढ़ को बेस्ट एचिवर पुरस्कार प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसके लिए विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों और रेशम पालक किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि ग्रामोद्योग विभाग द्वारा ''प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन'' में भाग लेने के लिए राज्य की ओर से टसर कृमि पालक और धागाकारक के किसान को प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन में भेजा गया था। इन दोनों विधाओं के प्रतिभागी कृषकों को केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

मौसम

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र के पश्चिम–मध्य बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास बनने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पढ़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक

के साथ भारी वर्षा होने और वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। प्रदेश में भारी वर्षा मुख्य रूप से बस्तर संभाग में होने की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल परीक्षण और अनुसंधान संस्थान द्वारा अफ्रीकी एशियाई ग्रामीण विकास संगठन के सहयोग से विभिन्न देशों के प्रशिक्षु के लिए सतही और भूजल प्रबंधन पर दो सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका आज शुभारंभ हुआ।

– केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने मुंगेली में ओडीएफ प्लस माडल ग्राम के निर्माण के लिए स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के पहले बलरामपुर जिले में प्रशासन की ओर से जागव बोटर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

– राजनांदगांव जिले के मोखला–जंगलेसर एनीकट में पिकनिक मनाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई।

– राजनांदगांव के डोंगरगढ़ में नवरात्र के पहले मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा चौबीस से सत्ताईस सितंबर तक रोप–वे का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान रोप–वे का संचालन पूरी तरह से बंद रहेगा।

– बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए खिलाड़ी बीस अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं।

– राजनांदगांव के औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पन्द्रह से अधिक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>